# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 24.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना डिडई पुलिस द्वारा अवैध अग्रेजी शराब 475 अदद (750 एमएल) मूल्य करीब ₹3,00,000/- व डिजायर कार के साथ दो नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम मे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अभियान के तहत, प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्वेक्षण मे व शुबेन्दु सिहं क्षेत्राधिकारी महोदय बांसी के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक शिवनगर डिडई अरविन्द कुमार मौर्य मय हमराह द्वारा दिनांक 23/24.03.2026 को रात्रि चेकिंग के दौरान बेलगडी टोल प्लाजा पर चेकिंग किया जा रहा था कि एक कार डीजायर HR55AZ2012 को रोक कर चेक किया गया तो उक्त कार में 6 कपडे के झोले में संदीग्ध पदार्थ रखा मिला जिसे हमराही कर्मी के मदद से खोल कर देखा गया तो उक्त समस्त झोलो में **OLD MUNK 750 ML** का रखा हुआ मिला जिसे हमराही कर्मी की मदद से गिनती की गयी तो **कुल 475 अदद (750 एमएल) अग्रेजी शराब मूल्य करीब ₹3,00,000/-** बरामद हुआ। बरामद शराब के सम्बन्ध मे कार में सवार व्यक्तियो से बैध कागजात तलब किया गया तो नहीं दिखा सके। अबैध अग्रेजी शराब बरामदगी के सम्बध में थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 25/2026 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

1.सनी पुत्र साहिब लाल सा0 शिवनगर उन्नाव बाइपास थाना कोतवाली उन्नाव हा0पता 779/2 मुण्डका विलेज मुण्डका पश्चिमी थाना मुण्डका नयी दिल्ली।

2.मानबहादुर पुत्र स्व0 लोक बहादुर सा0 पूर्वा खोला 04 थाना पूर्वी 4 खोला जिला पालपा अंचल लुम्बनी राष्ट्र नेपाल।

**पूछ ताछ का विवरण-** कार डिजायर में रखे अबैध अग्रेजी शराब ओल्ड मंक 750 एमएल(475) अदद के सम्बन्ध में अभियुक्तगण सनी पुत्र साहिब लाल सा0 शिवनगर उन्नाव बाइपास थाना कोतवाली उन्नाव हा0पता 779/2 मुण्डका विलेज मुण्डका पश्चिमी थाना मुण्डका नयी दिल्ली एवं मानबहादुर पुत्र स्व0 लोक बहादरु सा0 पूर्वा खोला 04 थाना पूर्वी 4 खोला जिला पालपा अंचल लुम्बनी राष्ट्र नेपाल द्वारा बताया गया कि उक्त अबैध अग्रेजी शराब गाजिया बाद से नेपाल ले जा रहे थे।

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

1.प्र0निरी0 अरविन्द कुमार मौर्य थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर।

2.उ0नि0 उदय सिंह थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर।

3.उ0नि0 चन्द्रशेखर यादव थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर।

4.उ0नि0 राजीव जी भट्ट थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 24.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆एन्टी थेफ़्ट टीम व थाना जोगिया उदयपुर की संयुक्त पुलिस की टीम द्वारा चोरी की 02 घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए 02 शातिर चोरों को किया गया गिरफ्तार।**

**◆अभियुक्तगण के पास से ₹13080/- नकद व एक अदद एन्ड्राइड मोबाइल , एक अदद पेचकस , दो अदद लोहे की खन्ती, एक अदद अबैध चाकू बरामद**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के अनुक्रम मे प्रशांत कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व सुबेन्दू सिंह क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल निर्देशन एवं अभय सिंह थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर मय टीम व एन्टी थेफ़्ट मय टीम द्वारा दिनांक 8,9 मार्च 2026 को थानाक्षेत्र में करौदा मसिना के फोटो स्टुडियो में हुई चोरी की घटनाओं के सम्बन्ध वार्ता की जा रही थी कि मुखबीर खास द्वारा सूचना दी गयी कि थानाक्षेत्र में हुई चोरी के घटना में संलिप्त चोर पुनः चोरी करने की नियत से गोनहा रोड पर कठही गांव के पास दो व्यक्ति खडे है। मुखबीर के इस सूचना पर जोगिया पुलिस द्वारा व्यक्तियो के पास पहुचने पर गोनहा रोड पर कठही गांव किनारे पर खडे दोनों व्यक्तियों द्वारा हम पुलिस वालों को देखकर भागने का प्रयास किया गया तो हम पुलिस बल द्वारा मौके पर ही दोनो व्यक्तियों को पकड़ लिया गया तथा व्यक्तियों से पूछताछ किया गया तो अपना नाम 1. आकाश विश्वकर्मा उर्फ लाला पुत्र टिहुर विश्वकर्मा साकिन छितौनी थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर 02.श्यामसुन्दर मौर्या पुत्र रामदयाल मौर्या साकिन मुडार खुर्द थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर को थाना क्षेत्र जोगिया के गोनहा रोड के कठही गावं के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण से बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 31/2026 धारा 331(4), 305(A) BNS मे धारा 317(2) BNS व 4/25 A.AcT की बढ़ोत्तरी कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

01.आकाश विश्वकर्मा उर्फ लाला पुत्र टिहुर विश्वकर्मा साकिन छितौनी थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर।
02.श्यामसुन्दर मौर्या पुत्र रामदयाल मौर्या साकिन मुडार खुर्द थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

**बरामदगी का विवरण-**

01.बरामद शुदा माल ₹13080/- नकद व एक अदद एन्ड्राइड मोबाइल , एक अदद पेचकस, दो अदद लोहे की खन्ती ,एक अदद अबैध चाकू

**पूछ-ताछ का विवरण-** दोनो अभियुक्त से पूछने पर दोनो बता रहे है कि साहब हम दोनो ने दिनांक 23/24 फरवरी 2026 की रात मे बांसी कस्बा के राप्ती नगर मोहल्ले मे किराने की दुकान का शटर का ताला तोडकर अन्दर गये और दुकान का काउन्टर तोडकर उसमे रखा तीन चांदी का सिक्का और एक मोबाइल फोन चुरा लिये दुकान से जाते समय हम लोगो ने दुकान मे लगे CCTV कैमरे का DVR भी निकाल लिये थे यह सारा सामान भी हम लोग नैपाल ले जाकर 45000 रुपया मे बेच दिया और पैसा आपस मे बाट लिया अभी जो श्यामसुन्दर के पास से जो

पैसा मिला है उसमे से 4500 रुपया तथा आकाश उर्फ लाला के पास से जो पैसा मिला है उसमे से 3010 रुपया बांसी की चोरी का चांदी का सिक्का व मोबाइल तथा DVR को बेचने से मिले पैसो मे से बचा शेष कुल 7510 रुपया है बाकी का सारा पैसा हम लोग खाने पीने व मौज मस्ती मे खर्च कर दिया।

**अनावरित अभियोग का विवरण-**

01.मु0अ0सं0 31/2026 धारा 331(4), 305(A) BNS, 317(2) BNS व 4/25 A.AcT थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

02.मु0अ0सं0 25/2026 धारा 331(4),305(A) BNS थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

**अभियुक्त आकाश विश्वकर्मा उर्फ लाला पुत्र टिहुर विश्वकर्मा का आपराधिका विवरण-**

01.मु0अ0सं0 332/2023 धारा 25,4 आयुध अधिनियम थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

02.मु0अ0सं0 008/2024 धारा 3(1)(घ), 3(1)(द), 3(2)V, 3(2)VA SC/ST, धारा 379, 411, 436, 504, 506 भा.द.सं. 1860 थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

03.मु.अं.सं. 001/2025 धारा 2(B)(i),3(1) उ.प्र. गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधि0 थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

04.मु.अ.सं. 0063/2025 धारा 60(1) अबकारी अधि0 थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

05.मु0अ0सं0 31/2026 धारा 331(4), 305(A) BNS, 317(2) BNS व 4/25 A.AcT थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

**अभियुक्त श्यामसुन्दर मौर्या पुत्र रामदयाल मौर्या का आपराधिक इतिहास-**

01.मु.अ.स. 178/2024 धारा 305(a),317(2),331(4) थाना खेसरा जनपद सिद्धार्थनगर ।

02.मु0अ0सं0 31/2026 धारा 331(4), 305(A) BNS, 317(2) BNS व 4/25 A.AcT थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 ओ0 पी0 मिश्र प्रभारी एन्टी थेफ़्ट टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

02.उ0नि0 अभय सिंह थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

03.उ0नि0 प्रमोद पाण्डेय थाना कोतवाली जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

04.उ0नि0 हरेन्द्र चौहान प्रभारी सर्विलांस मय टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

05.हे0का0 जनार्दन प्रजापति एन्टी थेफ्ट टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

06.हे0का0 रमेश यादव एन्टी थेफ्ट टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

07.हे0का0 अमित यादव एन्टी थेफ्ट टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

08.हे0का0 धर्मेन्द्र कुमार एन्टी थेफ्ट टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

09.का. गामा यादव थाना कोतवाली जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 24.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (II) के तहत नारी सुरक्षा एंव स्वालंबन के लिए समर्पित थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के दुर्गा मंदिर बोर्डीह में बालिकाओं/महिलाओं को महिला सुरक्षा व साइबर सुरक्षा से सम्बंधित विभिन्न जानकारी दी गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में आज दिनांक 24.03.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा तथा थानाध्यक्ष चंद्रकांत पाण्डेय थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (II) के तहत थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के दुर्गा मंदिर बोर्डीह की बालिकाओं/महिलाओं को महिला सुरक्षा/साइबर सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे में जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा  उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज  करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज-5.0 के विषय में महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन  पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, नए कानून के बारे में जानकारी दी गई व नई धाराओं को भी बताया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.उ0नि0 तालीमुद्दीन खान

2.हे0का0 धनंजय दूबे

3.म0का0 प्रीति

# प्रेस नोट दिनांक 24.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ **मिशन शक्ति फेज 5.0 (II)के तहत नारी सुरक्षा एंव स्वालंबन के लिए समर्पित थाना इटवा मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम के प्राचीन गाला देवी मन्दिर में बालिकाओं / महिलाओं को महिला सुरक्षा/साइबर सुरक्षा से सम्बंधित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे मे जानकारी दी गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में आज दिनांक 24.03.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश तथा प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0(II)के तहत थाना इटवा मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम के प्राचीन गाला देवी मन्दिर में बालिकाओं/महिलाओं को महिला सुरक्षा/साइबर सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे में जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज-5.0 के विषय में महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, नए कानून के बारे में जानकारी दी गई व नई धाराओं को भी बताया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर -**

1.उ0नि0 अनिल कुमार ओझा
2.का0 विकास
3. म0का0 अल्का त्रिपाठी
4.म0का0 रविता यादव

# प्रेस नोट दिनांक 24.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0(II) के तहत महिला सशक्तिकरण के क्रम में नारी सुरक्षा एंव स्वालंबन के लिए समर्पित थाना उसका बाजार मिशन शक्ति केन्द्र टीम द्वारा थाना क्षेत्र की बालिकाओं/महिलाओं को मिशन शक्ति /साइबर सुरक्षा से सम्बंधित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे मे जानकारी दी गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में आज दिनांक 24.03.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत शौरयान तथा प्रभारी निरीक्षक हरे कृष्ण उपाध्याय थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में थाना उसका बाजार मिशन शक्ति केन्द्र टीम द्वारा थाना क्षेत्र की महिलाओं/बलिकाओं को मिशन शक्ति /साइबर अपराध सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे में जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के विषय में महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, नए कानून के बारे में जानकारी दी गई व नई धाराओं को भी बताया गया।

**थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम-**

1.उ0नि0 जयप्रकाश पांडेय

2. म0का0खुशबू सिंह

## प्रेस नोट दिनांक 24.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (II) के तहत महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो व शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में ग्राम तिगोड़वा की महिलाओं एवं बच्चियों को थाना पथरा बाजार पुलिस टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 24/03/2026 को थानाध्यक्ष अमित कुमार थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में ग्राम तिगोड़वा में जाकर बच्चियों व महिलाओं को जागरूक किया गया। महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्वन्ध में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 मलखा प्रसाद कनौजिया
02.का0 सुदामा यादव
03.म0आ0 बबिता भारती

## प्रेस नोट दिनांक 24.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 24.03.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 18 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें 06 भूमि विवाद, 03 मारपीट तथा 09 अन्य से सम्बन्धित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 24.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा SSB के साथ त्यौहार चैत्र रामनवमी के दृष्टिगत सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु कस्बा बढ़नी में पैदल गश्त कर आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 24.03.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी द्वारा SSB बढ़नी व थाना ढेबरुआ पुलिस टीम के साथ त्यौहार चैत्र रामनवमी के दृष्टिगत सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पैदल गश्त किया जा रहा है तथा आम जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 24.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति द्वितीय चरण फेज 5.0 के तहत महिला सशक्तिकरण क्रम में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना द्वारा सेंट जेवियर्स स्कूल की कक्षा 10वीं की छात्रा प्रियांशी झां को एक दिन का महिला थाना प्रभारी बनाया गया तथा स्कूल की बालिकाओं को थाने पर की जाने वाली कार्यवाही की जानकारी दी गई।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा "महिला सशक्तिकरण के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत सौरयान सदर क्षेत्राधिकारी के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 24/03/2026 को प्रभारी निरीक्षक महिला थाना भाग्यवती पाण्डेय द्वारा सेंट जेवियर्स स्कूल सिद्धार्थनगर की कक्षा 10 वीं की छात्रा प्रियांशी झां को एक दिन का महिला थाना प्रभारी बनाया गया तथा स्कूल की बच्चियों को थाने पर बुलाकर थाने पर की जाने वाली कार्यवाही थाने पर प्रचलित रजिस्टर, सीसीटीएनएस, साइबर हेल्प डेस्क, महिला बंदी गृह, पुरुष बंदी गृह, साइबर हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति केंद्र, मध्यस्थता कक्ष, आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्वन्ध में भी जानकारी भी दी गई।

# प्रेस नोट दिनांक 24.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना कठेला समयमाता मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा पति-पत्नी के बीच हुए पारिवारिक विवाद को सुलझाकर  उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए दोनो विवाहित जोड़े को सकुशल उनके घर भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में एवं प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व मयंक द्विवेद्वी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के निर्देशन में अरुण कुमार प्रभारी निरीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में आज दिनांक 24.03.2026 को आवेदिका श्रीमती रीना पत्नी गोविन्द ग्राम जालीडिहवां थाना कठेला समय माता जनपद सि0नगर द्वारा शिकायत किया गया था कि आवेदिका श्रीमती रीना व उनके पति गोविन्द के बीच कुछ कहा-सुनी हुआ था जिससे पति पत्नी के मध्य मनमुटाव हो गया था उभय पक्षों को मिशन शक्ति टीम द्वारा दोनो पक्षों (पति-पत्नी) को उनके आपसी रिश्तों व बच्चे के प्रति उनके दायित्वों व पारिवारिक कर्तव्यों के बारे में अवगत कराया गया जिससे दोनो पक्ष (पति-पत्नी) राजी-खुशी से साथ रहने के लिये तैयार हुए। अब दोनों पक्षों के मध्य कोई विवाद नही है । दोनो पति-पत्नी को सकुशल एक साथ  राजी-खुशी घर भेज दिया गया।

**मिशन शक्ति केन्द्र टीम का विवरणः-**

1.का0 सतीशचन्द चौहान
2.म0का0 करिश्मा
3.म0का0 रितिका त्रिपाठी

## प्रेस नोट दिनांक 24.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना मिश्रौलिया पुलिस द्वारा बेहोश अवस्था में पड़े गूंगे व्यक्ति होश में लाकर उसके परिजनो को सुपुर्द किया गया।**

आज दिनांक 24.03.2026 को समय प्रातः 07.00 बजे ग्राम प्रधान ग्रामसभा रतनपुर श्री प्रेमसेवक चौधरी द्वारा जरिये दूरभाष अवगत कराया गया कि रतनपुर बन्धे के किनारे एक अज्ञात शव पडा हुआ है जिस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना मिश्रौलिया श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव व मय हमराहीयान का0 बेचन यादव व का0 लल्लन प्रसाद मौके पर पहुँचे तो ज्ञात हुआ कि एक व्यक्ति रतनपुर बन्धे पर अचेत अवस्था में लेटा हुआ है। प्रभारी निरीक्षक थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर मनोज कुमार श्रीवास्तव व हमरारही कर्मचारी के अथक प्रयास के बाद अचेत अवस्था से होश में लाया गया। होश में आने के उपरांत उक्त व्यक्ति का नाम पता पूछने पर बताने में असमर्थ रहा फिर ज्ञात हुआ कि अमुक व्यक्ति गूंगा है। कागज कलम उपलब्ध कराने के पश्चात अपना नाम जोखन उम्र 30 वर्ष पुत्र अभिराज साकिन चनरैया थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर कागज पर अंकित किया। तत्पश्चात थानाध्यक्ष लोटन से वार्ता किया गया तो ज्ञात हुआ कि थाना लोटन पर अमुक व्यक्ति के परिजनों द्वारा दिनांक 07.03.2026 को गुमशुदगी पंजीकृत कराया गया है। जोखन उम्र 30 वर्ष पुत्र अभिराज साकिन चनरैया थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर के परिजनों को बुलाकर सकुशल सुपुर्द किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 24.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना मिश्रौलिया पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर शिकायत लेकर आयी 04 दिन से भूखी महिला व उसके 04 बच्चो को कराया गया भोजन।**

आज दिनांक 24.03.2026 को प्रमिला पत्नी स्वर्गीय जगदीश ग्राम बालीहवा थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर जो मानसिक रूप से अस्वस्थ है वह निहायती गरीब किस्म की महिला है तथा उनके पति की 01 वर्ष पूर्व मृत्यु हो गयी थी। अपने चार अबोध बच्चों के साथ थाने पर आई और अपने देवर से हक हिस्सा बात कर रही थी तथा उनके द्वारा बताया गया कि 04 दिन से खाना हमारे बच्चे और हम नहीं खाए हैं जिनको मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए थाना मिश्रौलिया पुलिस द्वारा थाना के भोजनालय से बच्चों सहित महिला का भोजन कराया गया व उसकी समस्या का समाधान हेतु प्रयास किया जा रहा है।

## प्रेस नोट दिनांक 24.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆क्षेत्राधिकारी इटवा द्वारा सर्किल के थानो के विवेचकगण के साथ गोष्ठी कर उच्चाधिकारीगण द्वारा चलाये जा रहे अभियान, लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण की समीक्षा की गयी तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए**

पवीन प्रकाश, क्षेत्राधिकारी इटवा द्वारा आज दिनांक 24.03.2026 को सर्किल के थानो के विवेचकगण के साथ गोष्ठी कर उच्चाधिकारीगण द्वारा चलाये जा रहे अभियान, लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण की समीक्षा की गयी तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । तत्पश्चात विवेचनाओं के निस्तारण, पुराने मामलों के निस्तारण, जनशिकायत द्वारा प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण के सम्बन्ध में कड़े निर्देश दिये गये । शहर व ग्रामीण इलाकों में पैदल गश्त, साइबर अपराध के रोकथाम सम्बन्धी प्रचार-प्रसार, साक्ष्य के आधार पर विवेचनाओं का निस्तारण एवं अभियुक्तों के प्रति वैधानिक कार्यवाही, साइबर अपराध, निरोधात्मक कार्यवाही में गुण्डा अधिनियम, गैंगेस्टर अधिनियम जांच के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने आदि बिन्दुओं पर निर्देश दिया गया ।

## प्रेस नोट दिनांक 24.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆जनपदीय पुलिस टीम द्वारा त्यौहार चैत्र रामनवमी के दृष्टिगत सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्र में पैदल गश्त कर आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया ।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 24.03.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में जनपद के क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा त्यौहार रामनवमी के दृष्टिगत सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त व चेकिंग किया जा रहा है । इस दौरान बाजारों, मुख्य मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों का भ्रमण कर आम जनता से संवाद स्थापित किया गया तथा उन्हें आपसी भाईचारा, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई तथा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें ।